हिन्दी दैनिक

# देश की उपासना

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–219 : जौनपुर, सोमवार 06 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ओमिक्रॉन से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारी के निर्देश : सभी जिलों में मिलेंगी सुविधाएं

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में कोविड के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। टीकाकरण के साथ ही सामान्य बेड और आईसीयू को तैयार रखने, दवाओं के इंतजाम पर भी जोर दिया गया है। नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को डेल्टा प्लस की अपेक्षा कम खतरनाक बताया जा रहा है। फिर भी राज्यस्तरीय स्वास्थ्य परामर्शदाता समिति ने इस नए वैरिएंट से निपटने की पुख्ता रणनीति तैयार की है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर सभी जिलों में तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत टीकाकरण की गति बढ़ाने, स्वच्छता अभियान निरंतर चलाने, फोकस सैंपलिंग, सर्विलांस आदि गतिविधियां निरंतर चलती रहेंगी। सभी मेडिकल कॉलेज में 100 बेड वाले पीडियाट्रिक इंटेसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) एवं न्यूनेटल इंटेसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) के बेडों की जांच कर उन्हें तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को ऑक्सीजन, लैब, जांच किट के बारे में भी लगातार समीक्षा करने को कहा गया है। जांच का दायरा बढ़ाएं। प्रदेश की 3011 पीएचसी और 855 सीएचसी पर सुविधाएं



दुरुस्त रखने, 73000 निगरानी समितियों को सक्रिय रहने और जांच का दायरा निरंतर बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। अभी हो रही डेढ़ लाख कोविड जांच को बढ़ाकर ढाई लाख करने और पॉजिटिव केस में जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए सैंपल रखने के भी निर्देश हैं।

## कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी जौनपुर परिसर में कार्यशाला का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : सड़क सुरक्षा सप्ताह (त्रैमासिक) के शुभारम्भ अवसर पर कोविड–19 वैश्विक महामारी के दृष्टिगत सोशल डिस्टेसिंग एवं स्वच्छता के मानकों का अनुपालन करते हुए कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी जौनपुर परिसर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता के दौरान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावक उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में कुल 27 बच्चों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये गये थे जिनको एस0पी0 सिटी संजय कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के उपरान्त कार्यशाला में उपस्थित समस्त व्यक्तियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। उक्त कार्याशाला में ए0आर0टी0ओ0 (प्रशासन/प्रवर्तन) जौनपुर एस0पी0 सिंह द्वारा उपस्थित छात्र/छात्रओं एवं जनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु अपील किये कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य लगाये एवं नशे की हालत में वाहन का संचालन कदापि न करें, उक्त अवसर पर टी0आई0 जी0डी0 शुक्ला द्वारा उपस्थित जनमानस से अपील किया गया कि सड़क सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य करें और सड़क पर चलते समय सतर्क रहे। इसी क्रम में सम्भागीय निरीक्षक




(प्राविधिक), जौनपुर अशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यशाला के आयोजन के उपरान्त एस0पी0 सिटी संजय कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंण्डी दिखाकार रवाना किया गया। उक्त अवसर पर यातायता पुलिस के समस्त कर्मचारी एवं समस्त प्रवर्तन कर्मी मौजूद रहे। इसके साथ–साथ जनमानस में सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पम्पलेट, हैण्डबिल का वितरण किया।

## पाँच लाख का मुफ्त होगा बीमा : बनेगी के0सी0सी0

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2020–21 के कार्यों के सापेक्ष अवशेष लाभार्थियों की सूची का अनुमोदन तथा साथ ही वर्ष 2021–22 के लिये निजी भूमि पर तालाब निर्माण वृहद आर०एस०, बायो फ्लॉक, जिन्दा मछली विकय केन्द्र, कियोस्क मोटर साइकिल विथ आईस बाक्स व थ्री व्हीलर विथ आईस वाक्स के योजना के लाभार्थियों का भी अनुमोदन किया गया। इन सभी योजनाओं का प्रस्तुति करण उप निदेशक मत्स्य, वाराणसी मण्डल, वाराणसी, एन०एस० रहमानी द्वारा किया गया। उक्त लाभार्थियों के अनुमोदन के अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड, मछुआ दुर्घटना बीमा तथा मनरेगा द्वारा विकसित तालाबों में मत्स्य पालन की सम्भानाओं पर चर्चा करते हुए निर्देश दिये कि किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन एकत्र करने के लिए राजस्व विभाग के लेखपालों, ग्राम्य विकास विभाग के ग्राम विकास अधिकारीध्ग्राम पंचायत सचिवध् रोजगार सेवक तथा कृषि विभाग की आत्मा योजनान्तर्गत ए०टी०एम० तथा बी०टी०एम० को भी लक्ष्य आवंटित किये जाये तथा तेजी से आवेदन बैंको को भेजे जाय। जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को भी निर्देश दिये कि के०सी०सी० आवेदनों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाय तथा दिसम्बर के तृतीय सप्ताह में प्रगति की समीक्षा में लिये विस्तृत रिपोर्ट



प्रस्तुत की जाये। मत्स्य विभाग को यह की निर्देश दिये कि मत्स्य व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों को निःशुल्क बीमा कराये जाने की सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध है। अतः कम से कम 10000 मत्स्य व्यवसायी का निःशुल्क कराया जाय। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि किसी दुर्घटना में बीमा धारक की मृत्यु हो जाने पर पाँच लाख का बीमा भुगतान मृतक के आश्रितों को बीमा कम्पनी के द्वारा क्लेम के रूप में किया जाता है और लाभार्थी कोई भी प्रिमियम नहीं देना है। बैठक में जिला कृषि अधिकारी किशोर कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबन्धक अनिल कुमार सिन्हा, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डा० सुरेन्द्र प्रताप सोनकर, उपायुक्त मनरेगा भुपेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग विपिन कुमार, कार्यकारी अधिकारी बलबीर सिंह, मुख्य एवं जनपद के तहसीलों के प्रभारी सम्भाषी त्रिपाठी, अमित कुमार शर्मा व केशव प्रसाद उपस्थिति रहें।

## मुख्यमंत्री के गृह जनपद में प्रधानमंत्री के आगमन पर जमीन से लेकर आसमान तक चाक चौबंद होगी सुरक्षा व्यवस्था

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मंगलवार 7 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फर्टिलाइजर एचयूआरएल व एम्स तथा आईसीएमआर द्वारा तैयार किए गए इंसेफलाइटिस बीमारी जांच हाईटेक लैब्स यंत्र का लोकार्पण फर्टिलाइजर कैंपस से विशाल जनसभा के सम्मुख किया जाएगा इसकी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी एडीजी जोन सहित डीआईजी एसएसपी कमिश्नर डीएम अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अभेध सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया है जहां बिना अनुमति के परिंदा भी सभा स्थल पर नहीं मार सकेगा गैर जनपदों से आए हुए प्रशासन व पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेक्षागृह सभागार में एडीजी जोन अखिल कुमार ने ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। 7 दिसंबर दिन मंगलवार को फर्टिलाइजर कारखाने का उद्घाटन करने के लिए आ रहे प्रधानमंत्री के आने से पहले कार्यक्रम के आस–पास नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है पतंग और गुब्बारा उड़ाने पर भी पूरी तरह से रोक पहले हैं। एडीजी जोन अखिल कुमार,कमिश्नर रवि एनजी, डीआईजी जे रविन्द्र गौड व एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा, जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने पुलिस अधिकारियों संग प्रेक्षागृह सभागार में बैठक कर सुरक्षा व यातायात–व्यवस्था का पुख्ता व्यवस्था सुरक्षा के लिहाज से जिले की पुलिस के साथ ही अन्य जनपदों से वीआईपी ड्यूटी पर आए अधिकारियों व कर्मचारियों तथा सभी खुफिया एजेंसी को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सुरक्षा के लिहाज से शहर में कार्यक्रम स्थल से लेकर आस–पास होटल, ढाबों तक स्थानीय पुलिस ने अपने–अपने क्षेत्र में स्थित होटल संचालकों से बात करके बाहर से आने वालों की सूचना एकत्रित कर





रखा है कार्यक्रम स्थल पर आने–जाने के रास्तो पर सीसी कैमरों द्वारा नजर रखी जाएगी। महेसरा ताल में एनडीआरएफ की टीम को तैनात किया गया है हमेशा मुस्तैद बनी रहेगी। सुरक्षा में जुटे पुलिसकर्मियों को 6 दिसंबर दिन सोमवार की शाम से ही ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात कर दिया जाएगा। एडीजी अखिल कुमार,कमिश्नर रवि कुमार एनजी,डीआईजी जे रविन्द्र गौड, एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा, डीएम विजय किरन आनंद ने फर्टिलाइजर परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पर बराबर स्वयं पहुंचकर निगरानी बनाए हुए हैं। एसपीजी टीम कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है कार्यक्रम में आने वाले व जनपद वासियों को कार्यक्रम के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो सुगम यातायात के लिए रुट डायवर्जन किया गया है जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक यातायात इंदु प्रभा सिंह की देखरेख में लगाई गई है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था में 2 डीआइजी, 8 एसपी, 20 एडिशनल एसपी, 55 सीओ,10 कंपनी पैरामिलिट्री समेत 4000 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है। 6 दिसंबर की देर शाम फोर्स फर्टिलाइजर में तैनात हो जाएगी। बाहर से आने वाली फोर्स को कार्यक्रम स्थल के पास ही ठहराया जाएगा। फर्टिलाइजर क्षेत्र में बिना अनुमति के अगर ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई दिया तो पुलिस कार्रवाई करेगी। सार्वजनिक स्थान पर शादी–विवाह में बिना अनुमति के ड्रोन से फोटोग्राफी की अनुमति नहीं है। ड्रोन से फोटोग्राफी व वीडियो बनाने वालों का रजिस्ट्रेशन होगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति के अगर किसी ने ड्रोन उड़ाया तो खतरे को भांपकर पुलिस मार गिराएगी सभी खुफिया एजेंसियों अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन कर रही हैं।

## सबरंग फिल्म अवार्ड 2021 में रैपर हितेश्वर ने जीता "बेस्ट भोजपुरीया रैपर" का खिताब : फैन्स को दिया श्रेय

मनोरंजन ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : भोजपूरी फिल्मों व गानों को प्रोत्साहन देने के लिए हर साल की भांति इस साल भी मायानगरी मुंबई में सबरंग फिल्म अवार्ड 2021 का आयोजन किया गया। जिसमें भोजपुरी सिनेमा के तमाम स्टार व कलाकारों ने शिरकत किया। जिनको देखने के लिए दर्शकों का हुजूम मौजूद था। इसी कड़ी में भोजपुरिया बादशाह के नाम से मशहूर रैपर हितेश्वर को सबरंग फिल्म अवार्ड 2021 में 'बेस्ट भोजपुरिया रैपर' के अवार्ड से नवाजा गया। अवार्ड पाकर रैपर हितेश्वर ने सभी दर्शकों का अभार व्यक्त किया व अपनी सफलता का श्रेय अपनी सभी दर्शकों व श्रोताओं को दिया। ज्ञात हो की इससे पहले भी रैपर हितेश्वर को महाराष्ट्र प्रेस्टीज रत्न अवार्ड 2021 में स्टार भोजपुरी रैपर के अवार्ड से नवाजा जा चुका है। जो अपने आप मे मिल का पत्थर हैं। बात करे सबरंग की तो सबरंग हर वर्ष सबरंग फिल्म अवार्ड का आयोजन करता हैं, जहां साल के बेस्ट फिल्म,गाने, सिंगर,रैपर,हीरो, हिरोईन आदि को अवार्ड के माध्यम से सम्मानित करता हैं। जिसमें साल के सबसे बेहतरीन भोजपुरी रैपर 'रैपर हितेश्वर' को बेस्ट भोजपुरिया रैपर के अवार्ड से नवाजा गया। बात करे रैपर हितेश्वर की तो रैपर हितेश्वर का ये साल बेहतरीन रहा है। रैपर हितेश्वर ने इस साल एक से बढ़कर एक हिट गाने दिए हैं, जिसमें जबसे तू अईलू, चला गांव की ओर, स्टेज विदाउट स्टांप, जुबान मेरी कड़वी है, रुद्राभिषेक,फैशन




की दीवानी आदि प्रमुख हैं। अवार्ड पाकर रैपर हितेश्वर ने बताया की ये अवार्ड उनके लिए खास हैं। क्यूंकि सबरंग फिल्म अवार्ड भोजपुरी सिनेमा का सबसे बेहतरीन अवार्ड शोज में से एक हैं। जहां अपनी जगह बनाना अपने आप में बड़ी बात है। मैं इस अवार्ड का पूरा श्रेय अपने देव तुल्य दर्शको को देना चाहूंगा क्योंकि उनके बिना मैं कुछ भी नहीं हूं। आज उनके प्यार और आशीर्वाद से ही मैं यहां तक का सफर तय कर पाया हूं। ये अवार्ड मेरा इस साल का दूसरा अवार्ड हैं। जो सबरंग ने मुझे दिया हैं। बताते चलें की रैपर हितेश्वर देश के मशहूर गायक कैलाश खेर के गानों में भी नजर आ चूके हैं। तो ये कहना गलत नहीं होगा की रैपर हितेश्वर आने वाले दिनों में भोजपुरी सिनेमा के एक नवाब रैपर के रूप में उभर कर आएंगे। जो अपने रैप सांग से भोजपुरी म्यूजिक की दिशा तय करेंगे।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र को सौंपा आवेदन पत्र

आर एल पाण्डेय लखनऊ। भाजपा नेता एवं बलरामपुर के यशस्वी समाजसेवी धीरेन्द्र प्रताप सिंह "धीरू" ने आगामी उत्तर प्रदेश विधान परिषद ( एमएलसी ) गोंडा एवं बलरामपुर संयुक्त सीट पर भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी घोषित किए जाने हेतु अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र को अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। विगत दस वर्षों से धीरू भाई समाज सेवा के क्षेत्र में प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से सशक्त योगदान करते आ रहे हैं लेकिन विगत दो वर्षों में, कोरोना काल में जिस प्रकार से जन सेवा के प्रत्येक क्षेत्र में अपना अतुलनीय योगदान दिया है, उसने जननायक के रूप में लोकप्रिय कर दिया है। स्वअर्जित सम्पत्ति का सदुपयोग कर समाज सेवा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।



## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बाबा साहब डां भीमराव अंबेडकर के बताये हुए रास्ते पर चलने की जरूरत : अरविन्द पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिरकोनी विकास क्षेत्र के कजगांव बाजार में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महा परिनिर्वाण दिवस सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में मनाया गया!इस दौरान संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर



भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये गये और दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई इसके बाद जिलाध्यक्ष ने बताया कि समाज में फैल रही कुरीतियों का विरोध करते हुए आपसी भाईचारा व एकजुटता से रहने की बात कही उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा की बाबा साहब भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे बाबा साहब अंबेडकर एक विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे आपने दलित समाज मजदूर वर्ग और महिलाओं के प्रति सामाजिक भेद–भाव के खिलाफ आवाज उठाई और अभियान चलाएं सामाजिक छुआछूत और जातिवाद के खात्मे के लिए काफी आंदोलन किए उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीब दलित और समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए निछावर कर दिया अंबेडकर ने खुद भी उस छुआछूत भेदभाव और जातिवाद का सामना किया जिसने भारतीय समाज को खोखला बना दिया था। इस अवसर पर श्याम सुंदर पटेल,शाहआलम अन्सारी,विपिन पटेल,वृजेन्द्र पटेल,जंगबहादुर, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चौकी इंचार्ज ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय से अस्पताल पहुंचा कर बचाई जान

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इंजीनियरिंग कॉलेज पुलिस चौकी इंचार्ज द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से सही समय से अस्पताल पहुंचा कर घायल की जान बचाई गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इंजीनियर कॉलेज पुलिस



चौकी इंचार्ज अमित कुमार बालियान आज गश्त पर थे तभी उन्हें सिंघानिया स्थित मूर्ति लॉन के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल व्यक्ति महेंद्र प्रसाद यादव दिखे जो बुरी तरीके से घायल थे।स्थानीय लोगों की मदद से चौकी इंचार्ज ने तत्काल इन्हें पास के सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में एडमिट कराया। सही समय से उपचार मिलने से घायल की जान बचाई जा सकी।

## रेल परामर्शदाता ने मनकापुर स्टेशन का लिया जायजा

आर एल पाण्डेय मनकापुर गोण्डा। रविवार को रेल परामर्श दात्री समिति के सदस्य पंकज श्रीवास्तव ने मनकापुर स्टेशन पर पहुँचकर जायजा लिया। भ्रमण में उनके साथ मनकापुर स्टेशन को



स्वच्छता का पुरस्कार दिलाने वाले स्टेशन अधीक्षक प्रभाकर पाण्डे तथा रेल के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने मनकापुर की जटिल समस्याओं की जानकारी ली। इस मौके पर मानस मंगल दल सेवा समिति के अध्यक्ष आर के नारद ने सुझाव देते हुए मांग किया कि स्टेशन पर पश्चिमी छोर पर फुट ओवर ब्रिज इस पार से उस पार तक जाने यात्रियों तथा ग्रामीणों को जाने के लिए स्टेशन के बाहर शुलभ शौचालय ,मनकापुर अयोध्या के लिए पैसेंजर ट्रेन सरजू सिंह गुमटी पर भारी यातायात को देखते हुए ओवर ब्रिज या अंडर ग्राउंड ब्यवस्था बाहर से आने वाले यात्रियों में उनके समान रखने के लिए लॉक ब्यवस्था बाघ एक्सप्रेस गोरखधाम एक्सप्रेस जम्बू तवी अमरनाथ ट्रेनों का ठहराव तथा स्टेशन के मुख्य मार्ग को ऊंचा करने माननीय पंकज श्रीवास्तव द्वारा उक्त समस्याओ को शीघ्र निदान कराने का अनुरोध किया। इस अवसर पर विजय श्रीवास्तव नीरज अमरदीप ,राजदीप राजन आदि लोग मौजूद रहे।



–सुविचार–

घर बड़ा हो या छोटा, अगर मिठास न हो तो इंसान तो क्या चींटियां भी नहीं आती–

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# नब्बे खंड : महात्मा के शब्द

सर्वाधिक उल्लेखनीय व्यक्तियों में से एक, जिन्हें मैं जानता हूं, मद्रास के साहित्य के प्रोफेसर के. स्वामीनाथन थे, जो आगे चलकर महात्मा गांधी के कलेक्टेड वर्क्स के मुख्य संपादक बने। स्वामीनाथन का जन्म तीन दिसंबर, 1896 को पुदुकोट्टई में हुआ था। 1996 में जब उनकी जन्म सदी मनाई जा रही थी, मैंने द हिंदू में उनके जीवन वृत्त पर लिखा था (बाद में विस्तृत रूप से इसे मेरी किताब एन एंथ्रोपोलॉजिस्ट, अमंग द मार्क्सिस्ट ऐंड अदर एसे में संकलित किया गया)। करीब चौथाई सदी बाद उनके जन्मदिन के मौके पर मैं संपादकीय छात्रवृत्ति के उस महान प्रोजेक्ट के बारे में लिख रहा हूं, जिसे उनकी देखरेख में पूरा किया गया।

महात्मा की हत्या के बाद कांग्रेस कार्य समिति ने उनके नाम से नेशनल मेमोरियल फंड की स्थापना की। अंतर–धार्मिक सद्भाव और गांधी के प्रिय रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करने के साथ ही यह संकल्प भी लिया गया कि, 'विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध उनके सभी लेखन और शिक्षाओं को एकत्र कर संरक्षित और प्रकाशित किया जाएगा और एक संग्रहालय में गांधी से जुड़ी सामग्री को संरक्षित रखा जाएगा।'

1949 में गांधी स्मारक निधि की स्थापना की गई। साबरमती आश्रम के सहयोग से इसने मोहनदास करमचंद गांधी के व्यापक रूप से फैले लेखन को संग्रहित करना शुरू किया, जो कि विभिन्न विधाओं में और विभिन्न शीर्षकों के साथ अंग्रेजी और हिंदी के साथ ही उनकी मातृभाषा गुजराती में थे। गांधी ने तीन किताबें, सैकड़ों परचे, दर्जनों याचिकाएं, सैकड़ों अखबारी लेख और हजारों चिट्ठियां लिखीं। उन्होंने अनेक साक्षात्कार और ढेर सारे भाषण दिए। उन्होंने लेखन की एक विधा भी ईजाद की। यह थी 'मौन दिवस' की टिप्पणी, जिसे अक्सर उन्होंने सोमवार को लिखा, जब वह मौन रखते थे।

1956 में गांधी स्मारक निधि ने पाया कि उसके पास इतनी सामग्री एकत्र हो गई है, जिसे किताब रूप में लाने का काम शुरू किया जा सकता है। जाने–माने गुजरातीभाषी कांग्रेसी वल्लभाई पटेल के निधन के बाद मोरारजी देसाई की अध्यक्षता में कलेक्टेड वर्क्स तैयार करने के लिए एक सलाहकार बोर्ड की स्थापना की गई। बोर्ड के अन्य सदस्यों में नवजीवन प्रेस का एक प्रतिनिधि – उसका सहयोग जरूरी था, क्योंकि गांधी के लेखन का कॉपीराइट उसके पास था– गांधी के करीबी रहे अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और महात्मा के छोटे बेटे देवदास शामिल थे, जो कि खुद हिंदुस्तान टाइम्स अखबार के संपादक थे।

देवदास गांधी ने महात्मा के जीवन के बारे में एक वृत्तचित्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, और अब वह उनके लेखन को भी हमेशा के लिए संरक्षित करने में एक भूमिका निभाने जा रहे थे। कलेक्टेड वर्क्स के पहले मुख्य संपादक के तौर पर जिस पहले व्यक्ति की नियुक्ति होनी थी, वह थे भरतन कुमारप्पा। भरतन दर्शन और धर्म के विद्वान थे और एडनबर्ग और लंदन यूनिवर्सिटीज से उन्होंने अपनी डॉक्टरेट की डिग्रियां ली थीं, साथ ही वह ग्रामीण निर्माण को लेकर गांधी के साथ अनेक वर्ष व्यतीत कर चुके थे।

गांधी के लेखन के समायोजन और संपादन से जुड़े काम के लिए भरतन कुमारप्पा एकदम सही व्यक्ति थे। लेकिन छपने के लिए पहला खंड प्रेस में भेजने के बाद जून, 1957 में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। उनकी जगह पूर्व स्वतंत्रता सेनानी जयरामदास दौलतराम को लाया गया, लेकिन उनका दिल इस काम में नहीं लगा। नाखुशी में दो साल बिताने के बाद वह राज्यसभा का सदस्य बनने के लिए इससे अलग हो गए। दौलतराम की जगह के. स्वामीनाथन को लाया गया, जिनके नाम की उच्च सिफारिश विनोबा भावे ने की थी।

तिरसठ साल की उम्र में स्वामीनाथन साहित्य का अपना शानदार करियर छोड़कर दिल्ली आ गए। उनका प्रशिक्षण और अभिविन्यास कई मायनों में परियोजना के असाधारण प्रथम संपादक भरतन कुमारप्पा से मिलता–जुलता था। दोनों अपनी तमिल जड़ों को लेकर गर्व करते थे, दोनों द्विभाषी थे, अपनी मातृभाषा और वैश्विक बौद्धिक जगत में स्वीकार्य अंग्रेजी में। दोनों धार्मिक रूप से विश्वव्यापी थे, भरतन एक ईसाई थे, जिन्होंने रामानुजाचार्य पर एक किताब लिखी थी, और स्वामीनाथन एक हिंदू थे, जो बाइबिल पढ़ना पसंद करते थे।

इस तरह की जिम्मेदारी संभालने के लिहाज से स्वामीनाथन की सबसे प्रासंगिक योग्यता थी सबको साथ लेकर और उनके साथ टीम के एक सदस्य के रूप में काम करने की उनकी क्षमता। लंबे समय तक उन्होंने प्रेसिडेंसी कॉलेज मद्रास में अंग्रेजी विभाग के प्रमुख के रूप में सेवा दी थी और पांच वर्षों तक वह गवर्मेंट आर्ट्स कॉलेज के प्रिंसिपल रहे थे। स्वामीनाथन ने जिनकी सबसे पहले नियुक्ति की, वह थे सी. एन. पटेल जो कि खुद भी अंग्रेजी के प्रोफेसर थे और गांधी की तरह गुजरातीभाषी थे। उन्होंने इस प्रोजेक्ट में उपप्रधान संपादक के रूप में काम किया। स्वामीनाथन की टीम के अन्य सदस्यों में जे. पी. उनियाल शामिल थे, जिन्होंने गांधी की शिष्या मीराबेन के साथ हिमालय में काम किया था। उनके अलावा सुप्रसिद्ध कवि भवानी प्रसाद मिश्र थे, जिन्होंने कलेक्टेड वर्क्स के हिंदी अनुवाद के प्रभारी संपादक के रूप में काम किया।

1964 में, जब नौ खंड आ चुके थे, गांधी की अमेरिकी विद्वान जोएन बोन्डुरेंट ने इसके बारे में मॉडर्न हिस्ट्री में लिखा। यह प्रोजेक्ट, उन्होंने लिखा, 'सर्वोच्च प्रशंसा' का पात्र है। किसी भी मामले में संपादकों ने इसमें दखल नहीं दिया हैय फिर भी वे बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देने में सफल रहे हैं, जो कि अच्छी जानकारी वाले पाठकों के मन में उठ सकते हैं। स्रोतों के सत्यापन में, लेखकत्व का प्रमाणीकरण, पत्रों में अल्पज्ञात व्यक्तियों की पहचान, और मूल्यवान पृष्ठभूमि और परिशिष्ट सामग्री को जोड़ने में, उन्होंने छात्रवृत्ति के उच्चतम मानकों को पूरा किया है।'

आने वाले वर्षों में यह स्तर बना रहा। हालांकि 1975–77 में इमरजेंसी के दौरान इसमें कुछ रुकावट आई, तब तक इसके पचास से अधिक खंड आ चुके थे। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कृपापात्र इस आधार पर स्वामीनाथन से छुटकारा पाना चाहते थे, क्योंकि वह एक–एक कर के खंडों को सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष मोरारजी देसाई के पास भेजते थे, जो कि उस समय जेल में थे। सौभाग्य से, समझदारी की जीत हुई, और उसके बाद प्रधान संपादक कई वर्षों तक बने रहे और गांधी के कालानुक्रमिक लेखन के मूल नब्बे खंड का सेट तैयार होने के बाद 1985 में सेवानिवृत्त हुए। (उसके बाद सात पूरक खंड और आए)

स्वामीनाथन की उनके सहयोगियों ने बहुत सराहना की थी। गुजराती लेखक हसमुख शाह ने अपने प्रधान संपादक के बारे में लिखा कि 'उन्होंने संपादन और शोध के विशाल कार्य को पूरा करने के लिए सहज व्यवस्था बनाई। वह अपनी टीम की सीमाओं और व्यक्तित्व की विशेषताओं का आकलन करने में तेज थे। मैंने उन्हें कभी आवाज ऊंची करते या किसी को डांटते नहीं सुना। उनका जीवन और समर्पण प्राचीन विद्वानों और ऋषियों के युग की याद दिलाता था।'

मेरे पास कलेक्टेड वर्क्स का मुद्रित सेट है। यह गांधी से जुड़े विश्वनीय पोर्टल गांधी हेरिटेज पोर्टल पर ऑनलाइन भी उपलब्ध है, जिसका संचालन साबरमती आश्रम करता है। अभी अजन्मे विद्वानों और भारतीय के अलावा अनेक अन्य राष्ट्रवादियों के पास के स्वामानीथन और उनके कुशल संपादकों और अनुवादकों की टीम के प्रति आभार जताने का वाजिब कारण उपलब्ध होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# शर्मनाक: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है धान क्रय केंद्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार बड़े–बड़े दावे कर रही हो लेकिन असलियत में स्वास्थ्य सेवाओं का बदहाल चेहरा सत्तासीन नेताओं तथा प्रशासनिक अमले को दिखाई नहीं पड़ रहा है हालत यह है कि स्वास्थ्य महकमे में केवल ''करारे'' के सामने सब कुछ ऑल वेल ऑल इज वेल है कारण यह है कि सेहत महकमा और जिला प्रशासन आइना देखना ही नहीं चाहता है सत्य उसे बेहद कड़वा लगने लगा है आइए हम बात करते हैं जनपद की सीमावर्ती एक सीएससी की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरखनी जो जनपद फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर की सीमा पर स्थित है इस स्वास्थ्य विभाग की मजबूत कड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ की दरकार रहती है लेकिन यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसों से खुला ही नहीं है यही नहीं इस स्वास्थ्य केंद्र में धान क्रय केंद्र स्थापित कर दिया गया है यहां मरीज झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाने के लिए विवश है या फिर वह पाली स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना इलाज करवाएं या फिर जिले की ओर कुच करें हालांकि सीमावर्ती स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण यहां के लोग शाहजहांपुर और फर्रुखाबाद भी इलाज कराने के लिए जाते रहते हैं ग्रामीण बताते हैं कि यहां कभी कोई डॉक्टर रुकता ही नहीं है यहां तैनात सभी डॉक्टर और कर्मचारी नदारत ही रहते हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार (चौनल) में ताला ही लटकता रहता है ग्रामीण अपने बीमार रोगी को लेकर आते हैं और मायूस होकर लौट जाते हैं हालत यह है कि अब इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धान क्रय केंद्र स्थापित किया गया है और भवन में गेहूं के बोरे भरे हुए हैं सवाल यह उठता है कि सेहत विभाग का मुखिया क्या ''करारे'' के चक्कर में स्वास्थ्य भवन को धान क्रय केंद्र में बदल सकता है ? आखिर यह किसके आदेश से सामुदायिक स्वास्थ्य भवन में धान क्रय केंद्र संचालित हो रहा है ? यह एक विचारणीय बिंदु है फिलहाल भरखनी क्षेत्र के आसपास के दर्जनों गांव वासी इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मायूस ही



दिखाई पड रहे हैं भले ही इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धान क्रय केंद्र संचालित हो रहा हो लेकिन सेहत महकमे और जिला प्रशासन तथा प्रदेश सरकार के आला हुक्मरानों की नजरों में सब कुछ ऑल इज वेल है और सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं स्वास्थ्य केंद्र के बाहर खड़ी बड़ी–बड़ी घास इसे चरागाह का रूप भी दे रही है यहां के कर्मचारी कहां हैं किसी भी को पता नहीं है हां वेतन सबका निकल रहा है और सरकारी खजाने को चूना लगाया जा रहा है लोग बताते हैं कि यहां बरसों से यही हाल है भले ही पेपरों पर यहां मरीज भर्ती होते हो पर असलियत में यहां की तस्वीरें सेहत महकमे की कलई खोल रही हैं सेहत विभाग के मुखिया का आलम यह है कि उनका सीयूजी नंबर उनके अधीनस्थ ही उठाते हैं सेहत महकमे में करारे की धार ने सभी गुनाहों पर पर्दा डाल रखा है यही वजह है कि क्षेत्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवाओं से मरहूम है ग्रामीणों का कहना है कि खबर छापने से भी कुछ होने वाला नहीं है क्योंकि इसकी जांच भी सेहत विभाग से जुड़े अधिकारी करेंगे और वहां फिर ''करारे'' के तेज धार के आगे उनकी कलम ऑल इज वेल के अलावा और कोई भी शब्द लिखने के लिए नहीं चलेगी । ग्रामीणों का कहना है कि यदि उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सारी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मुहैया होने लगे तो उन्हें 60 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय तथा अन्य पड़ोसी जनपदों के चिकित्सकों की परिक्रमा नहीं करनी पड़ेगी। देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग कि इस घोर अनियमितता पर क्या कार्रवाई होती है या फिर इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धान क्रय केंद्र का ही उपचार होता रहेगा यह समय हकीकत में है।

# तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर : तीन की मौत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कार और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार बुआ भतीजे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।दरअसल कुड़वार थानाक्षेत्र के मौहरिया भंडरा परशुरामपुर का रहने वाला विनोद निषाद (20) वर्ष पुत्र छोटेलाल अपनी बुआ पुष्पा देवी (36) वर्ष पत्नी चंदन और (8) वर्षीय आरती पुत्री चंदन व (2) वर्षीय नेंशी पुत्री चंदन को लेकर एक रिश्तेदार के यहां तेरहवीं में शामिल होने के लिये गए हुए थे। वहां से ये सभी आज सुबह वापस घर के लिये रवाना हुये। बाइक बल्दीराय थानाक्षेत्र के चक्कारी भीट के पास लगभग साढ़े सात बजे पहुंची हुई थी कि तभी विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। इस घटना के बाद अनियंत्रित कार भी खड्ड में पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार विनोद और पुष्पा देवी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं



हादसे के बाद आस–पास के लोगों ने आरती को तुरंत अस्पताल भिजवाया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। और दो वर्षीय नेंशी बाल–बाल बच गई। खड्ड में पलटने के बाद भी कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए और मौके से फरार हो गए।थानाध्यक्ष बल्दीराय प्रभाकांत तिवारी ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है और कार चालक की तलाश में जुट गई है।मृतक के चाचा सुभाष निषाद की तहरीर पर एफआईआर दर्ज किया गया है।

# बसपा नेता विनय कश्यप को जन्मदिन की बधाई देने वालों का लगा तांता

आर एल पाण्डेय लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी लखनऊ मंडल के मुख्य सेक्टर संयोजक विनय कुमार कश्यप को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लग गया। बहुजन समाज पार्टी ओबीसी समाज के मुख्य सेक्टर संयोजक राकेश कुमार गौतम, वरिष्ठ समाजसेवी उदय सिंह, बसपा मुस्लिम समाज के मुख्य सेक्टर संयोजक किशन लाल गौतम, वेद हाइट्स ग्रुप के रीजनल मैनेजर विवेक भटनागर, मैनेजर ब्रजेश कश्यप, गोविंद कश्यप, गोविंद मिश्रा, सेल्स मैनेजर प्रवीण उपाध्याय, अनुज राजपूत, रत्नेश पांडे, तान्या मिश्रा, सुनील श्रीवास्तव, रंगोली पंडित, रीना तिवारी, सचिन कश्यप, आशीष सिंह कुलदीप सिंह, सचिन राजपूत, बद्री प्रसाद कश्यप, विशेष संवाददाता आर एल पाण्डेय आदि ने पुष्पगुच्छ भेंटकर जन्मदिन



की बधाई दी। मित्रों ने केक काटकर एवं मिष्ठान वितरण कर जन्मदिन मनाया।

# बसपा का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उन्नाव के सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र–(164) मोहान में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन हसनगंज स्वर्णिम बैंक्वेट लॉन ,मोहान रोड, चौगड़ा खेड़ा, हसनगंज हाउस उन्नाव में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र मिश्रा (राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्य सभा सांसद बसपा), नकुल दुबे (पूर्व कैबिनेट मंत्री उ.प्र.), एडवोकेट विनय कुमार कश्यप(सेक्टर संयोजक लखनऊ मंडल), राकेश कुमार गौतम (सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल), विनोद कुमार भारती (मुख्य सेक्टर प्रभारी




लखनऊ मण्डल),जिला अध्यक्ष उन्नाव मिथिलेश पंकज बसपा प्रत्याशी विनय चौधरी 164 मोहान विधान सभा आदि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीपीगंज नगर पंचायत क्षेत्र में नियम को ताख पर रखकर मानक के विपरीत हो रहा निर्माण कार्य

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : नगर पंचायत पीपीगंज में सम्मिलित ग्राम सभा कोल्हुआ में धड़ल्ले से घटिया निर्माण किया जा रहा है वहां मानक के विपरीत कार्य किया जा रहा है। जिसमें सुभान अली के मकान से हरिवंश धोबी के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य होना है। लेकिन वहां पर बहुत ही घटिया ईट का प्रयोग किया जा रहा है ।और जो पूर्व में नाली बनी है उसी नाली पर प्लास्टर कर दिया जा रहा है जिसमें मोहल्ले के लोगों से पूछा गया तो उनका कहना है की बहुत ही घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें मुख्य रुप से दिनेश शर्मा, सूरज,राहुल,हरख,कलावती देवी,धर्मेंद्र मद्धेशिया,वह मौके पर रामलाल मौजूद रहे। जहां निर्माण कार्य हो रहा है मोहल्ले वासियों के कहने पर नगर पंचायत पीपीगंज के सभासद हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे नीलम देवी,अरविंद अग्रहरि, मोहम्मद जावेद,मोहम्मद अताउल्लाह,सभासद प्रतिनिधि सनी जायसवाल आदि लोग मौके पर उपस्थित थे। मौके पर हो रहे घटिया



निर्माण कार्य को जांच कराने की बात कही। इस मौके पर अवध नगरी संवाददाता ने जब फोन पर नगर पंचायत पीपीगंज के अधिशासी अधिकारी महेंद्र नाथ पांडेय से दूरभाष पर बात किया गया। कि जो निर्माण कार्य हो रहा है वह गलत हो रहा है तो उन्होंने कहा कि इसके बारे में मुझे नहीं पता है।

# कूटरचित दस्तावेज के सहारे नौकरी करने वाले तीन शिक्षक बर्खास्त : कई पर जांच जारी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर जिले में कूटरचित दस्तावेजों के सहारे परिषदीय विद्यालयों में नौकरी करने वाले तीन और फर्जी शिक्षकों को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बर्खास्त कर दिया गया है। जबकि तीन और निलंबित शिक्षकों की जांच आखिरी चरण में है। जल्द ही इन्हें भी बर्खास्त किया जाएगा। बर्खास्त तीनों शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कराया जाएगा। इसे लेकर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। कैंपियरगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय परसा में तैनात सहायक अध्यापक दिनेश चंद्र, पिपराइच ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बेला के प्रधानाध्यापक रामआसरे चौधरी के खिलाफ शिकायत मिली थी दोनों ही शिक्षक कूटरचित दस्तावेजों के सहारे हाइस्कूल, इंटर, बीएड के अंक पत्र, आधार और पैन कार्ड को तैयार कर नौकरी कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद से बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आरोपी शिक्षकों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराया गया। संदिग्ध प्रमाणपत्र मिलने पर इन्हें निलंबित करने का साथ संबंधित बीईओ को जांच दी गयी। उनकी रिपोर्ट के आधार पर शिक्षकों को बर्खास्त किया गया है। एसटीएफ ने पकड़ा फर्जीवाड़ा। ऐसे ही कौड़ीराम ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय भरवलिया में तैनात सहायक अध्यापक अरविंद मिश्र को एसटीएफ ने फर्जीवाड़े को लेकर चिन्हित किया था। इसके बाद महानिदेशक स्कूल शिक्षा की तरफ से जांच शुरू हुई जांच में पाया गया कि अरविंद मिश्र ने दूसरे व्यक्ति के शैक्षिक अभिलेखों को फर्जी ढंग से तैयार कर वास्तविक नाम आदि परिवर्तित कर नियुक्ति प्राप्त की। इन्हें भी बर्खास्त कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि फर्जी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अभियान चलाया गया है। जिले 88 शिक्षकों को बर्खास्त किया गया है। जबकि 83 पर मुकदमा पंजीकृत है। कई और लोगो के खिलाफ जांच चल रही है।

## अधिवक्ताओं का प्रदर्शन : दीवानी न्यायालय गेट बंद

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सदर एसडीएम सौरभ सिंह के कहने पर सदर कोतवाल अर्जुन सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा अधिवक्ता विष्णु जायसवाल को गाली गुप्ता देने एवं बाद में सुभाष चौक से मुंह बांधकर कोतवाली में मारपीट करने के संदर्भ में देवरिया के अधिवक्ताओं में



आक्रोश है आज दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से वितर हैं और आरोपियों पर कार्रवाई ना होने से नाराज। नाराज अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता साथी विष्णु जायसवाल के समर्थन में आकर दीवानी न्यायालय गेट को बंद कर दिया है और धरना जारी है। उक्त धरने में राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के पदाधिकारियों ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया है और जिला प्रशासन की निंदा करते हुए अधिवक्ता विष्णु जायसवाल के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# लाखो खर्च होने के बाद भी सीसी कैमरा बना शोपीस

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खजनी तहसील के नगर पंचायत का वार्ड नंबर–3 टेकवार चौराहे पर अप्रैल 2019 में अंबेडकर मूर्ति पर अराजक तत्वों ने कालिख पोत दिया गया था जिस पर काफी लोगों का आक्रोश भड़क गया था ,मौके की नजाकत को समझते हुए तत्कालीन उपजिलाधिकारी खजनी तत्काल प्रभाव से मामले को शांत कराया उसके उपरांत नगर पंचायत उनवल के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किए की तत्काल चौराहे पर सीसी कैमरा लगाया जाए जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना होती है तो दोषी पकड़ में आए उस आदेश का पालन करते हुए नगर पंचायत उनवल द्वारा टेकवार चौराहे पर सीसी कैमरा लगाकर कैमरे का मानीटर उनवल चौकी में लगाया गया। 2 दिन चलने के उपरांत कैमरे के सारे सिस्टम फेल हो गए,सी सी कैमरा से लेकर मानीटर तक आज तक डेड पड़ा हुआ है। लेकिन किसी जिम्मेदार की इसपे नजर नही पङ रहा है।और इस महत्वपूर्ण बिंदु पर जिम्मेदार आँखे बंद किये बैठे है।जिससे लगे हुए सी सी कैमरा सेट की गुणवत्ता संदेह के घेरे में है।लोग दबी जुबान से यह भी कहते सुने जा रहे है कि इसमें जिम्मेदारो ने घठिया क्वालिटी का कैमरा लगा दिया गया ,और पैसे का बंदर बाट कर लिया गया। ऐसे में नगर पंचायत शिव शंकर यादव,राजकुमार, वेदप्रकाश त्रिपाठी, विनोद यादव,रविन्द्र ,उमेश कुमार,इत्यादि लोगो का कहना है कि इसमें नगर पंचायत के जिम्मेदार व कैमरा सप्लाई करने वाले फर्म के विरुद्ध प्राथिमिकी दर्ज कराया जाय।

# ठंडक बढ़ते ही शशांक ने गरीबों की मदद में बढ़ाया हाथ

आर एल पाण्डेय गोण्डा । ठंडक के दस्तक देते ही तरबगंज क्षेत्र के युवा समाजसेवी व मुम्बई के प्रतिष्ठित व्यवसायी शशांक मिश्रा गरीबों की मदद में मसीहा की भूमिका में तरबगंज क्षेत्र में सैकड़ों गरीब असहाय लोगों में शाल कंबल रजाई और अन्य वस्त्रों का वितरण किया। गरीब घर की कन्याओं कि शादी–विवाह में बढ़ चढ़कर मदद करने में विख्यात शशांक गरीबों की मदद बिना किसी महत्वाकांक्षा पाले पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। सोमवार को आयोजित वस्त्र वितरण में दर्जनों ग्राम सभाओं के गरीब व जरूरतमंदों को कंबल शाल व रजाई उपलब्ध कराई। साधारण परिवार में जन्मे तरबगंज क्षेत्र के ग्राम सभा धौराहरा घाट निवासी शशांक मिश्रा मुंबई में प्रतिष्ठित व्यवसायी के रूप में अपने बचत से एकत्रित धन से प्रत्येक वर्ष गांव आकर अग्नि पीड़ितों की मदद और गरीब घर की कन्याओं की शादी करवाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पिछले लॉकडाउन में सैनिटाइजर मास्क व खाद्यान्न उप जिलाधिकारी राजेश कुमार और नायब तहसीलदार ईवेंद्र कुमार की उपस्थिति में बांट चुके है। अपने निवास स्थान धौराहरा घाट के मजरा झामपुरवा में आयोजित वस्त्र वितरण कार्यक्रम में बाबापुरवा, दयालपुरवा , रतोहिया, बैरागीपुरवा,शिवलाल पुरवा, गौहानी, शीशव, घोसनाग, सेझिया , असरथा, रानीपुर ग्राम सभाओं के असहाय लोगों



में कंबल व वस्त्र– वितरण किया । इस अवसर पर समाजसेवी शशांक ने कहा कि मानव सेवा में बुजुर्गों और निराश्रितो की मदद करने में मुझे आत्मिक सुख– शांति मिलती है। कंबल वितरण समारोह में ग्राम सभा शीशव के प्रधान राजदत्त तिवारी, गौहानी के प्रधान दिग्विजय पांडेय, दुर्जनपुर के प्रधान अशोक सिंह, असरथा के प्रधान पप्पू मिश्रा, संतोष साहू, शिवबालक मिश्रा, अजय वर्मा , काशीराम, पप्पू साहू अनंत राम साहू मौजूद रहे।

# योगी सरकार में आज हम कह सकते है कि सही मामले में उत्तर प्रदेश है : राधामोहन सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी जौनपुर की बैठक जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के हाल में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का सुभारम्भ मुख्य अतिथि ने पण्डित दीनदयाल और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्वलित करके की गयी। देश का सबसे बड़ा प्रदेश उत्तर प्रदेश लम्बे समय तक भष्ट्राचार, माफिया, आतंक, तुष्टीकरण जैसे समस्याओं से ग्रस्त था, पूर्व की सरकारो ने प्रदेश के विकास पर ध्यान ना देंकर अपने वोट बैंक के विकास के लिए तुष्टीकरण की राजनीति की, लेकिन केंद्र में नरेंद्र मोदी व प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आने के बाद प्रदेश ने न ही अपनी खोई हुई सांस्कृतिक विरासत को पुनः प्राप्त किया बल्कि विकास के नये स्तम्भ भी स्थापित किये उक्त बातें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व केन्द्रीय मन्त्री एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने कही। श्री सिंह ने आगे कहा कि 2017 में जब योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने प्रदेश को प्रत्येक तरह से सामर्थ्यवान और समृद्धि राज बनाने, मत, मजहब की राजनीति का खात्मा करने और उत्तर प्रदेश को संकीर्ण राजनीति से मुक्त करने का संकल्प लिया। आज यह प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देता है कि जो चुनौतिया उन्हें विरासत में मिली थी, उन चुनौतियों को स्वीकार कर सभी चुनौतियों से पार पा ली है। श्री सिंह ने आगे कहा कि जौनपुर पण्डित दीनदयाल जी की कर्मभूमि रहा है, पूर्ववर्ती सरकारो में यहां का अपेक्षित विकास नही हुआ, लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार यहां के विकास के लिये कृतसंकल्पित होकर काम कर रही है, जौनपुर के विकास के लिए अभी कुछ समय पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां करोड़ों रुपयों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था योगी की सरकार ने जौनपुर में चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए यहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया था। उन्होंने आगे कहा कि योगी सरकार यहां से करोड़ों रुपए की लागत से सड़कों का निर्माण चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण करा रही हैं। हमारी सरकार ने जौनपुर की जनता को बिना भेदभाव के केंद्र व प्रदेश सरकार के आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, फ्री टेबलेट स्मार्टफोन योजना, आवास योजना, शादी अनुदान योजना, कन्या सुमंगला योजना, पेंशन योजना जैसी सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया है। उन्होंने आगे कहा कि योगी सरकार ने प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत जौनपुर के हजारों आवासों का निर्माण कराया है जौनपुर की कालीन उद्योग को विश्व में विशेष पहचान दिलाने के लिये योगी सरकार ने एक जनपद एक योजना में शामिल किया है। इससे इस कार्य से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि तो हुई ही है साथ ही रोजगार का सृजन भी हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि हमारी सरकार हर घर जल योजना के तहत जौनपुर के सभी गांवो में 8700 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने का काम कर रही हैं, ताकि सभी घरों को शुद्ध पेयजल मिल सके। इसके अतिरिक्त जौनपुर के शहरी क्षेत्र में भी हमारी सरकार पुरानी पाइप लाइनों को बदलवा रही है, और जहां जरूरत है वहां नई पाइपलाइन बिछाने का भी काम कर रही है, उन्होंने अंत मे कहा कि योगी सरकार जौनपुर के करीब 3:30 लाख छात्र–छात्राओं को फ्री टेबलेट और स्मार्टफोन वितरित करेगी। मुख्य अतिथि का आभार जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की। उक्त अवसर पर राज्य मंत्री गिरीश यादव, विधायक रमेश मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह, बांकेलाल सोनकर, जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघनिया, सुधाकर उपाध्याय, संदीप सरोज, जिला मंत्री राजू दादा, अभय राय, उमाशंकर सिंह, अवधेश यादव, प्रमोद यादव, राज पटेल, विजय लक्ष्मी साहू, जिला कोषाध्यक्ष सन्तोष मिश्रा, शिवगोविंद साहू, ओमप्रकाश जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, रोहन सिंह, सिद्धार्थ राय, मोर्चा के जिलाध्यक्ष गण नरेन्द्र उपाध्याय, अनिल गुप्ता, रागिनी सिंह, दिव्यांशु सिंह, मण्डल प्रभारी गण, मण्डल अध्यक्ष गण, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, सभासद गण उपस्थित रहे।

# रबी गोष्ठी में शून्य बजट की खेती के सिखाए गए गुण

जौनपुर सू.वि. : कृषि विभाग द्वारा सोमवार को कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत मड़ियाहूं एवं रामनगर ब्लाक परिसर में रबी उत्पादकता गोष्ठी आयोजित कर कृषक उत्पादन संगठन (एफपीओ) का गठन एवं प्रोत्साहन, जैविक खेती, कृषि विविधीकरण एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, गौ आधारित जीरो बजट की खेती से किसानों को प्रशिक्षित किया गया। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग के कारण मिट्टी लगातार बीमार होती जा रही है। जिससे उत्पादन प्रभावित होने के साथ ही उत्पाद का सेवन करने वालों के शरीर पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा था। मृदा की सेहत सुधारकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार किसानों की सहायता कर रही हैं। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि वीजामृत, जीवामृत, पंचगव्य के निर्माण एवं खेती में उसका प्रयोग कर कम लागत में गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने जैविक खेती से अधिक लाभ के लिए गौ आधारित खेती, एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन द्वारा फसलों की सुरक्षा की जानकारी दिया। डा. यादव ने मृदा प्रबंधन, जल प्रबंधन तथा मृदा की जांच कर संतुलित खेती करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख अरविन्द सिंह तथा संचालन एडीओ पंचायत उमाकान्त पाण्डेय ने किया। इस मौके पर मनीष सिंह, सतेन्द्र सिंह, संजय मौर्य, जय पकाश, उषा, बीना तिवारी अर्चना,महेन्द्र पटेल, नन्दलाल, साहबलाल, लल्लन,आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे। अन्त में एडीओ एजी अजित सिंह ने आभार ज्ञापित किया।

# आजादी में शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की अहम भूमिका : अभय कुमार

हरदोई ब्यूरो अम्रीष कुमार सक्सेना : स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बैनर तले सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन डॉ सोम शेखर दीक्षित की अध्यक्षता में मलिकापुर मार्ग स्तिथ नालन्दा पब्लिक स्कूल के सभागार में सम्पन्न हुआ।आयोजन में शहीदों को याद किया गया और बच्चो ने देशभक्ति के कार्यक्रमो से सबको मोहित किया।मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय धर्म जागरण प्रमुख अभय जी ने कहा कि आजादी किसी की कृपा और आशीर्वाद से नहीं मिली,बल्कि अनगिनत देशप्रेमियों,जांबाज सपूतों ने इसके लिए शहादत दी।देश की आजादी में शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि हमें आने वाली पीढियों को स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में बताना होगा,ताकि वे आजादी के महत्व को समझ सकें तथा शहीदों के जीवन आदर्शो से परिचित हो तथा इनके त्याग एवं बलिदान को अपने जीवन में इनसे प्रेरणा लेकर उन्हे अपनाएं।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी डॉ सोम शेखर दीक्षित ने कहा कि आजादी के लिए शहीद होने वाले और संघर्ष करने वाले लाखों शहीद ऐसे भी हैं,जिनका हम लोगों को नाम तक नहीं पता।ऐसे ही वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।डॉ शेखर ने कहा कि शहीदों ने अपना सब कुछ बलिदान किया तब आजादी मिली है।देश शहीदों के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहेगा।आज की युवा पीढ़ी को शहीदों के प्रति सम्मान के भाव रखने चाहिए और उनके जीवन को समझना चाहिए।कार्यक्रम में भारत माता की आरती और बंदे मातरम का गान गया।कार्यक्रम के उपरांत मौजूद लोगों और स्कूल के छोटे बच्चो द्वारा नगर के मुख्य मार्गो पर तिरंगा यात्रा निकाली गई।इस यात्रा की शुरूआत नालन्दा स्कूल से हुई तथा तहसील मार्ग,अल्लाहपुर,बड़ी





बाजार,चौक,सिनेमा चौराहा,बस स्टैण्ड तक निकाली गई।इस दौरान सभी देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आये।इस यात्रा के माध्यम से शहीदों का स्मरण किया गया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम के अंत मे डॉ सोम शेखर दीक्षित की ओर से सभी बच्चो को स्वल्पाहार वितरित किया गया।कार्यक्रम को संघ के जिला कार्यवाह संजीव खरे,सह जिला कार्यवाह रामप्रताप सिंह,जिला प्रचारक इंद्रपाल जी, खंड कार्यवाह प्रवीण सिंह,नगर संचालक विपिन गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किये।इस मौके पर भाजपा विधायक रजनी तिवारी,शिव सत्संग मण्डल के योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना,ध्यानवर्धन सिंह,सचिन,डॉ विक्रांत सिंह,खण्ड संघचालक संजीव मोदी, नगर कार्यवाह अनूप गुप्ता,नीरज श्रीवास्तव,जिला पंचायत सदस्य लालाराम,ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र,विकास मिश्रा,देवराज सिंह,राम कुमार सिंह,अमित मिश्र अमितेश,आकाश मिश्र, अजय कुमार बाजपेई,राजेंद्र प्रसाद मिश्र,रामनाथ त्रिपाठी,अखिलेश पाठक,कुलदीप श्रीवास्तव,अजय बाजपेई भुल्लन, अखिलेश पाठक, रामनाथ त्रिपाठी समेत तमाम भाजपा एवं छात्र छात्राऐं व नेता मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता मनमोहन श्रीवास्तव काजू ने दिलाई सैकड़ों लोंगो को सदस्यता

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : कल दिनांक 5 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता मनमोहन श्रीवास्तव काजू ने बस्ती शहर के फब्बारा चौराहे पर सैकड़ो लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। मनमोहन श्रीवास्तव काजू ने कहा लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताए गया मनमोहन श्रीवास्तव काजू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में कई ऐसे काम हो रहे हैं जो सीधे समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। उन्होंने किसानों के बिल वापस लेने, धारा 370, अयोध्या में राम मंदिर, तीन तलाक, व राज्य सरकार द्वारा 45 लाख गन्ना किसानों को 1.40 लाख करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य भुगतान करने व किसान सम्मान निधि वह 36लाख से 86 लाख हजार किसानों का ऋण माफ करने की योजना को बताया, विकास की दौड़ में गंगा एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, की योजनाओं को बताया 33 नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है जो आजादी के बाद से सबसे बड़ी स्वास्थ्य के प्रति योजना है ऐसी तमाम योजनाओं को लोगों को बताया और लोगो को योजनाओं से जोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता शरद सिंह रावत ,सभासद प्रफुल्ल श्रीवास्तव, सभासद नवीन श्रीवास्तव , श्री कांत त्रिपाठी, परिपूर्णानंद नंद बाबा, बृजेश मिश्रा, सूरज गुप्ता, बबलू सरदार राजेश गोंड ,अवनीश मिश्रा, नवीन पाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## राजेश स्नेह ट्रस्ट ऑफ एजुकेशन दिव्यांग हेतु स्कूल एवं पुनर्वास केंद्र रूहट्टा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व दिव्यांगता दिवस के शुभ अवसर पर राजेश स्नेह ट्रस्ट ऑफ एजुकेशन दिव्यांग हेतु स्कूल एवं पुनर्वास केंद्र रूहट्टा द्वारा फ्लोरेंस फिजियोथैरेपी एंड वैलनेस क्लिनिक में



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर सभी बच्चों से नाच, गाना, गेम इत्यादि कराया गया। जीते हुए दिव्यांग छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया नेत्रहीन छात्र आकाश को गीत प्रस्तुति में मुख्य अतिथि जनपद के वरिष्ठ एवं लोकप्रिय बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत कपूर के हाथों पुरस्कार प्राप्त हुआ इस अवसर पर डॉ कपूर ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षा , सेवा एवं इलाज हेतु हर संभव मदद करने का वायदा किया और विशिष्ट अतिथि जौनपुर के डॉ विवेक शर्मा ने सभी बच्चों के बैठने कि व्यवस्था हेतु वादा किया इस शुभ अवसर पर अनीता सोनी, सुरेश बिश्नोई, अवधेश गिरी, संतोष मौर्य, सुजीत अग्रहरी, अमित पांडे ,अंकित पांडे य दिलीप तिवारी प्रियंका, किरन , समीर, डॉ ललन विश्वकर्मा, नवनीत श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कर्मचारियों नें शासनादेश को जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

जौनपुर सीटी रिपोर्टर अनुराग श्रीवास्तव : दिनांक 06/12/2021 को अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी आंगनवाड़ी कर्मचारी और सहायिकाओं ने प्रोत्साहन राशि के शासनादेश को जलाकर अपना विरोध किया सभी वक्ताओं ने एक स्वर से सरकार द्वारा



किए जा रहे इस फांसी वादी शासनादेश की घोर निंदा की सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सरिता सिंह ने कहा कि अगर यह इतना ही बढ़िया है तो मुख्यमंत्री और मंत्री, विधायक भी अपने लिए पेमेंट की जगह प्रोत्साहन राशि का प्रावधान क्यों नहीं कर लेते जिससे उनकी भी कार्य क्षमता में वृद्धि होती रहे सरकार हम लोगों को सिर्फ बेवकूफ बनाकर मानदेय बढ़ोतरी के नाम पर शोषण की हद पार कर गई है मानदेय बढ़ोतरी के नाम पर प्रोत्साहन राशिका जीवो जारी करवा करवा कर हमारे साथ इतना बड़ा धोखा कर रहे हैं जिसकी मिसाल नहीं दी जा सकती 2018 से हमारे साथ धोखा शुरू हुआ जो आज तक जारी है।

सभा को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने सरकार के इस प्रकार धोखाधड़ी की घोर निंदा की और आगामी चुनाव में अगर मानदेय बढ़ोतरी संतोषजनक नहीं हुई तो भाजपा का विरोध करने की प्रतिज्ञा की संघ के जिला संरक्षक राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि आंगनवाड़ी कर्मचारी को सम्मानजनक मानदेय बढ़ोतरी के साथ साथ आठ सूत्री मांगों पर सरकार अविलंब ध्यान देते हुए उचित निस्तारण करे वरना आने वाले दिनों में तो प्रदर्शन को और तेज किया जाएगा।धरने को विभिन्न संगठनों के लोगों ने संबोधित करते हुए अपना समर्थन दिया।

धरने में आंगनवाड़ी के संरक्षण राकेश कुमार श्रीवास्तव पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सी बी सिंह संघर्ष समिति के चेयरमैन डांस प्रदीप सिंह, सुनीता सिंह, मंजू, अर्चना, आशा, चंद्रकला, पूनम, ममता, रेखा, मौर्या, गीता सोनकर, नुसरत फातमा, नफीस, सुनीता पटेल, ज्योति गौड़, मनोरमा सिंह, सविता रीता, कंचन सिंह, आदि उपस्थित रहे। संचालन माधुरी सोनिया और उषा मौर्या ने किया।

# डॉ मन्दीप कुमार गुप्ता को डायबिटीज रोग के इलाज हेतु शोध कार्य के लिए मिलापीएचडी (फार्मेसी) की उपाधि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुल्तानपुर के शास्त्री नगर निवासी मनदीप कुमार गुप्ता ने पीएचडी (फार्मेसी) की उपाधि हासिल कर जनपद का नाम किया रोशन। आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद में आज आयोजित षष्ठम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रोव गिरीशचंद्र त्रिपाठी, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा पीएचडी की उपाधि उनके शोधकार्य, "डिजाइन एंड सिंथेसिस ऑफ कोव्मरीन डेराईव्ड स्मॉल मॉलिक्यूलस" शीर्षक पर दी गई। डॉ मन्दीप ने अपना शोध कार्य स्कूल आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, आईएफटीएम यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के निदेशक प्रोव सुशील कुमार के निर्देशन में पूरा किया। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता–पिता गुरुजन, बड़े भाई, बहन,पत्नी एवं संपूर्ण परिवार को दिया है। पिता राम आसरे गुप्ता रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी, व बड़े भाई कुलदीप गुप्ता जिलाअध्यक्ष मानवाधिकार सुरक्षा बोर्ड की प्रेरणा से इस मुकाम को हासिल किया। डॉ मन्दीप ने एम फार्मा की शिक्षा आईजीआईपीएस भुवनेश्वर एवं बी फार्मा आईएफटीएम मुरादाबाद से प्राप्त की है। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर विवेकानंद नगर





एवं हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर से प्राप्त की । डॉ मन्दीप विगत ग्यारह वर्षों से फार्मेसी शिक्षणक्षेत्र में संलग्न हैं और वर्तमान में एमईटी फैकेल्टी ऑफ फार्मेसी, मुरादाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

# धूमधाम से मनाया गया बीआरपी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीआरपी इंटर कॉलेज के प्रांगण में देश के महानायक प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी कुलभास्कर जी एवं बाबू बंशीधर के जन्मोत्सव पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसकी अध्यक्षता माननीय अजय कुमार श्रीवास्तव सेवानिवृत्त जिला जज एवं मुख्य अतिथि के रूप में जनपद जौनपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बीएस उपाध्याय जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ नीलेश श्रीवास्तव जी माननीय रमेश सिंह जी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के द्वारा संयुक्त रुप से तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया! प्रधानाचार्य डॉ सुभाष सिंह द्वारा आए हुए सभी सम्माननीय अतिथि गण को बुके एवं अंगवस्त्रम द्वारा सम्मानित किया गया प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश श्री रमेश सिंह द्वारा सरकार के शिक्षा नीतियों पर प्रहार करते हुए शिक्षकों के समस्या के निराकरण हेतु ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता होता है शिक्षक के साथ सरकार की मनमानी रवैया यह सरकार के लिए घातक सिद्ध होगा! समय रहते ही शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण सरकार को अवश्य करनी चाहिए !शिक्षकों का अद्यतन विनियमितीकरण, पुरानी पेंशन बहाली पर जोर दिया. डॉक्टर नीलेश श्रीवास्तव जी द्वारा छात्र छात्राओं को अपने जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम की प्रेरणा प्रदान करने के लिए संबोधित किया गया आज के छात्र कल के भविष्य है! मुख्य अतिथि के रूप में डॉ बीएस उपाध्याय वरिष्ठ चिकित्सक ने वैश्विक महामारी कोविड–19 तथा संचारी रोग पर जानकारी देते हुए कोविड–19 के टीकाकरण प्रदान करते हुए उपस्थित जनों को ज्ञान मार्गदर्शन देते हुए बताया कि सतर्कता ही सुरक्षा है हम सभी को टीकाकरण अवश्य कराना चाहिए और सदैव मास्क अवश्य प्रयोग करें जो जीवन की रक्षा का मूल मंत्र है साथ ही साथ स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे संचारी रोग से निजात मिल सकेगा प्रबंधक हरीश चंद्र श्रीवास्तव जी द्वारा कहा गया कि शिक्षक से बड़ा इस संसार में कोई नहीं है क्योंकि शिक्षक ही राष्ट्र के शिल्पकार है विद्यालय के अध्यक्ष रविंद्र अस्थाना द्वारा सुझाव दिया गया कि आज ऐतिहासिक तिथि पर हम ऐसे मनीषियों से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है जो राष्ट्र की प्रगति के पथ पर प्रदर्शक होता है कोषाध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव जी ने कहा कि शिक्षा ब्रह्मांड का सबसे बड़ा उपहार है जिसके द्वारा मान–सम्मान यश वैभव कीर्ति सभी प्राप्त किया जा सकता है विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र सिंह द्वारा कहा गया कि शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व, विकास की एक समग्र और अनिवार्य प्रक्रिया है विद्यालय विद्यार्थियों के जीवन भविष्य की निर्माण साला है जिसमें शिक्षक ,शिक्षार्थी, ही नहीं वरन अभिभावक ,समाज और राष्ट्र भी सबद्ध है विद्यालय का वार्षिकोत्सव विद्यार्थी के समग्र विकास शारीरिक ,मानसिक, बौद्धिक , आध्यात्मिक ,ज्ञान विज्ञान के क्रियाकलापों के विकास का प्रस्तुतीकरण होता है जिससे विद्यार्थियों की कार्य प्रणाली में एक नई जागृत पैदा होती है जो राष्ट्र के समग्र विकास को निर्धारित करती है अध्यक्षता कर रहे माननीय अजय कुमार श्रीवास्तव पूर्व जिला जज द्वारा बताया गया कि शिक्षार्थी अपने भाग्य



का निर्माता स्वयं होता है और शिक्षक उनके भविष्य के रचनाकार हैं इसलिए शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहा जाता है! कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अवध नाथ पाल ने शिक्षा के उद्देश्य और जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बच्चों का मार्गदर्शन किया! छात्र ही देश के भविष्य हैं छात्र कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं तथा कार्यक्रम की भव्यता छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम समसामयिक नाटक के माध्यम से मंत्रमुग्ध किया महोत्सव के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ सिराजे हिंद को सम्मानित करते हुए अवकाश प्राप्त कर्मचारियों एवं सैकड़ों छात्र छात्राओं को शील्ड मेडल वह प्रशस्ति पत्र सम्मानीय अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया जिसमें जनपद के सम्मानित प्रधानाचार्य डॉ जय प्रकाश सिंह डॉक्टर ओम प्रकाश साही, डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ राकेश कुमार सिंह, डॉक्टर जंग बहादुर सिंह ,श्री राम सुमेर यादव श्री प्रेमचंद आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्री ऋषि श्रीवास्तव ,सोम वर्मा, संजय श्रीवास्तव डॉ विमल श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया कार्यक्रम में प्रबंध समिति के पदाधिकारी राजीव प्रकाश डॉक्टर प्रकाश स्वरूप डॉक्टर अंशु राजन श्रीवास्तव ,कामेश्वर श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ शिक्षक सतीश वर्मा राजीव श्रीवास्तव सीपी सिंह प्रकाश चंद्र यादव ,पंच लाल, विद्यानिवास मिश्र, प्रमोद कुमार सिंह, अपूत श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, राम प्रकाश पाल, हीरालाल ,मंजू देवी, गुले राज यादव कार्यालय अधीक्षक संतोष श्रीवास्तव व समस्त स्टाफ द्वारा उत्सव को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

# गीता प्रसार रथ का संचालन आज से : गीता गोष्ठी आयोजन समिति की बैठक में आयोजन को दिया गया अंतिम रूप

आर एल पाण्डेय गोण्डा। गीता गोष्ठी के वार्षिक समारोह के आयोजन समिति की बैठक रविवार को अपराह्न 2 बजे से मालवीयनगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित की गई। गोष्ठी के संयोजक इंजी. सुरेश कुमार दूबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वदेशी जागरण के विचारक जनार्दन सिंह ने उपस्थित बुद्धिजीवियों को 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाले 21 वें वार्षिक विराट गीता सम्मेलन में अधिकाधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया। बैठक में अध्यक्षीय संबोधन में सुरेश दूबे ने नगर के युवा समाजसेवी जितेंद्र पांडेय उर्फ हलचल को समारोह में व्याख्यान सत्र के संचालन व शास्त्री महाविद्यालय के डॉ शैलेन्द्र मिश्र को समारोह में अध्यात्म के क्षेत्र में श्रीमद्भागवत गीता की महत्ता पर शोधपूर्ण प्रस्तावना प्रस्तुत करने का दायित्व सौंपा। समारोह की प्रस्ताविकी के लिए जनांर्दन सिंह के नाम प्रस्तावित किया गया। बैठक में संगीतमय प्रस्तुति पर किरण पांडेय ने विषय रखा । धीरेन्द्र पाण्डेय ने समारोह के प्रचार प्रसार की रूपरेखा



प्रस्तुत की ।सबको अपने अपने परिचितों व श्रृद्धालुओं में वितरित करने के लिए निमंत्रण पत्र व प्रचार साहित्य दिया गया। इस मौके पर के के श्रीवास्तव, अमित सिंह, अनिल सिंह , अमित शुक्ल, अनिल सिंह , शैलेन्द्र श्रीवास्तव, राकेश सिंह ,रमेश दुबे , पंकज दुबे,ज्ञान प्रकाश मिश्र, श्याम अनुज, कौशल तिवारी,राकेश शुक्ल, आर जे शुक्ल, डा मिथिलेश मिश्र, अमित एवं कृष्णानंद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# थाना हैदरगंज क्षेत्र के चौबेपुर गांव में बत्तीस वर्षीय युवती की घर में संदिग्ध अवस्था में मिली लाश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के थाना हैदरगंज क्षेत्र के जाना बाजार के चौबेपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 32 वर्षीय महिला का शव बिस्तर पर मिला।जिससे आस पास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।इसकी सूचना पाते ही हैदरगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियो के साथ मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल में जुट गई।वही मौके पर पहुंची हैदरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस संबंध में हैदरगंज थाना क्षेत्र है हैदरगंज के जाना बाजार चौबेपुर निवासी मृतका के पति अमरनाथ कोरी ने बताया उसकी 32 वर्षीय पत्नी राजकुमारी शनिवार की देर रात जब वह बाजार गया हुआ था तब पंखे के कुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा लिया था।इस सूचना मिलने पर घर पहुंच कर पति ने पत्नी का शव पंखे से उतार कर बिस्तर पर डाल दिया था।वही रविवार की भोर में घटना की सूचना हैदरगंज पुलिस व पत्नी के मायके वालों को दी।सूचना मिलते ही हैदर गंज थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा दरोगा धीरेंद्र आजाद मैं पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर गहनता से जांच करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वहीं मृतका की परिजन माता चाचा भाई भी पहुंचकर हालत देखा और जाना। मृतका के परिवार में पति के अलावा ससुर रामअचल व 13 वर्षीय पुत्र अभिषेक 9 वर्षीय आयुष है।वही इस मामले को लेकर के गांव में तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं।इस घटना के संबंध में थाना हैदरगंज प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना का असली पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा।

# हैदरगंज थाना क्षेत्र से नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला पच्चीस हजार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने का एसएसपी ने किया दावा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के थाना हैदरगंज क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगो से ठगी कर पैसे हड़पने वाला 25,000 इनामिया आरोपी को हैदरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया।इसका खुलाशा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या शैलेश कुमार पांडे ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में एक पत्रकार वार्ता के दौरान किया।इस संबंधा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले में अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु व वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुक्रम मे अतुल कुमार सोनकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण, सतेन्द्र भूषण तिवारी क्षेत्राधिकारी बीकापुर के कुल निर्देशन में तेज तर्रार व नवागत थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा थाना हैदरगंज अयोध्या के नेतृत्व मे थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0–63/2020 धारा–419/ 420/467/ 468/471/406/ 504/506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वांछित चल रहे अभियुक्त मनोज कुमार कुशवाहा पुत्र पारसनाथ कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम औड़िहार थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर जो आम नागरिको से नौकरी दिलाने के



नाम पर विभिन्न विभागो के फर्जी नियुक्ति पत्र देकर धन उगाही करता था।इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उक्त आरोपी करीब दो वर्ष से फरार चल रहा था।जिसके विरूद्ध 25000 रुपये का नगद पुरस्कार घोषित किया गया था।उन्होने बताया कि उसे मुखबिर की सूचना पर थाना हैदरगंज क्षेत्र में देवस्थान पल्टूबीर पुल के आगे ग्राम कोरोराघवपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।उन्होने बताया कि उक्त आरोपी को न्यायालय फैजाबाद अयोध्या भेजा गया।उन्होने बताया कि इस गिरफ्तारी में थाना हैदरगंज के नवागत थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा के अलावा उप निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार आजाद,कांस्टेबल मनोज मौर्या कांस्टेबल पवन कुमार पाल की सराहनीय भूमिका रही।

# पूर्वांचल के हर घर में पहुंचेगा नल से जलः 1296 गांवों को मिलेगी घर घर पेयजल की सौगात

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के बाद अब पूर्वांचल में हर घर में नल से जल पहुंचाया जाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन के दूसरे चरण में प्रदेश में 66 जिलों में हर घर नल योजना का कार्य शुरू कर दिया गया है।पूर्वांचल में इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से की गई है। प्रमुख सचिव नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव के अनुसार हर घर नल से जल योजना से वाराणसी के उन ग्रामीण इलाकों को फायदा होगा जहां पर पीने के पानी की परेशानी हैं। 69 गांवों के 20248 घरों तक पाइप लाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। बहुत जल्द नल से शुद्ध पीने का पानी भी मिलना शुरू हो जाएगा। वर्ष 2022 तक 1296 गांवों के 348505 परिवारों तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रमुख सचिव ने बताया कि वाराणसी के 125 गांवों में रेट्रोफिटिंग के माध्यम से 22079 घरों को शुद्ध पेजयल पहुंचाया जा रहा है। आजादी के बाद पहली बार ग्रामीण इलाकों में नल से जलापूर्ति की सुविधा मिलेगी।पहले चरण में बुंदेलखंड और विंध्य में काफी तेजी से काम चल रहा है।इस योजना में वाराणसी को ग्रामीण जलापूर्ति के आदर्श मॉडल के रूप में पेश किया जाएगा।ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर आधारित होगी।आपूर्ति के लिए सेंसर आधारित आटोमेटिक सिस्ध्टम का इस्ध्तेमाल किया जाएगा। उत्तर भारत के ग्रामीण इलाकों में पहली बार इस तरह की तकनीक और ऊर्जा की बचत के साथ जलापूर्ति की जाएगी।प्रमुख सचिव ने बताया कि इस परियोजना में गांवों में नल से शुद्ध जल पहुंचाने में बिजली का उपयोग न के बराबर होगा।साथ ही पानी की बर्बादी को रोकने के लिए सेंसर लगाए जा रहे हैं, ताकि टंकी भरने के बाद पानी की सप्लाई खुद ही बंद हो जाय और पानी की बर्बादी न हो।

# इस समय नही हो रहा अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर कोविड 19 नियम का पालन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वर्तमान समय में जहां एक ओर पूरे देश में कोरोना के तीसरे वेरियंट ओमोक्रोन की तीसरी लहर तेजी से दस्तक दे चुकी है।जिसका असर यह देखा जा रहा है कि यह वेरियंट भारत देश में भी काफी तेजी से फैल रहा है।सूत्र के मुताबिक भारत देश के दिल्ली पंजाब गुजरात केरल आंध्र प्रदेश सहित ऐसे प्रदेश है जहां पर इस वेरियंट के कोरोना वायरस से संक्रमित कई केस भी मिले हुए हैं।इस समय जहाँ एक ओर इस कोरोना वायरस की तीसरी लहर को लेकर जहां एक ओर देश के स्वास्थ्य विभाग व पूरा शासन प्रशासन चिंतित है परंतु उसी के ठीक विपरीत अयोध्या जनपद मे इस कोरोना के तीसरे लहर पर किसी के चेहरे पर कोई खौफ नही दिखाई दे रहा है।इस जिले में रेलवे स्टेशन,बस स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थानो व मांगलिक कार्यक्रमों,सभाओ में सभी लोग कोविड 19 नियम की धज्जियां उडाध्ते देखे जा सकते है।इसका अंदाजा इसी बात से लगाया गया जब नवभारत चेतना न्यूज चौनल व देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र की टीम ने अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर जाकर निरीक्षण किया तो उस दौरान रेल से सफर करने वाले रेलयात्री के मुंह पर ना तो मास्क था और ना ही हाथ में सेनीटाइजर।वही वहाँ पर सामाजिक दूरी भी कहीं पर नहीं दिख रही थी।जिसको लेकर अंदाजा लगाया जा सकता था कि इन लोगों को कोरोना वायरस के तीसरी लहर से कोई भय नहीं है।जबकि हकीकत यह है कि स्वास्थ्य कर्मियों के मुताबिक और देश के बड़े–बड़े चिकित्सकों के मुताबिक यह दावा किया जा रहा है कि यह कोरोनानावायरस पिछले दो लहरों से और भी घातक है।यहां तक कि इसका असर 5 गुना तक दिखाई पड़ रहा है।वहीं अगर देखा जाए तो पिछले कुछ दिनों में इस तीसरे कोरोना वायरस से कई लोगों के संक्रमण होने का इजाफा भी हुआ है।परंतु अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर कोरोनावायरस का असर किसी के चेहरे पर नहीं दिख रहा था।क्योंकि इन लोगों के मुंह पर



मास्क सेनीटाइजर का अभाव व सामाजिक दूरी नहीं थी।वहीं जहां एक ओर रेलयात्री इस कोविड 19 नियम का पालन नहीं करते दिखे वहीं दूसरी ओर रेलवे विभाग के कर्मचारी भी नहीं दिखे।उसी समय जब योग नगरी ऋषिकेश से चलकर हावड़ा को जाने वाली डाउन एक्सप्रेस भी आती है तो जब हमारी टीम ने इस ट्रेन में जाकर देखा तो उस ट्रेन में बैठे रेलयात्री कोविड 19 नियम का पालन करते हुए नहीं दिखे।इस ट्रेन में बैठे हुए रेल यात्रियों के मुंह पर भी ना तो मास्क था ना हाथ में से सेनीटाइजर और इसके साथ ही साथ सामाजिक दूरी भी नहीं बनी हुई थी।कुल मिलाकर इस समय जहां एक ओर स्वास्थ विभाग व पूरा देश कोरोना की तीसरी इलाहार को लेकर चिंतित है परंतु वही अयोध्या जिले में हो रही लापरवाही और भी घातक हो सकती है।इस संबंध में जब हमारी टीम ने जीआरपी थानाध्यक्ष से बात करना चाहा तो वहां पता लगा कि वे इस समय ट्रेनिंग पर गए हुए हैं।उन्होंने दूरभाष पर इतना बताया कि अगर जो भी रेल यात्री इस समय कोविड 19 नियम का पालन करते हुए नहीं पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।इसके लिए वे जब लौट कर आएंगे तो इसके आरपीएफ के साथ संयुक्त मासिक अभियान चलाएंगे।इस दौरान जो भी कोई रेल यात्री या रेलकर्मी कोविड–19 के प्रति लापरवाह करते पाया गया उसके विरुद्ध कठोर से कठोर संबंधित कार्यवाही की जाएगी।

# महाराजगंज थाना प्रभारी ने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियो के साथ अवैध रुप से शराब संचालको पर कसा शिकंजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के तेज तर्रार व युवा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या शैलेश कुमार पाण्डेय के दिशा निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिये व अवैध शराब के विक्रयधनिष्कर्षण पर प्रभावी कार्यवाही हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट प्रवेक्षण में तेज तर्रार व अनुभवी थानाध्यक्ष महराजगंज अयोध्या दिनेश कुमार सिंह ने अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मी उ0नि0 राम अवतार राम चौकी प्रभारी पूरा बाजार व हमराह फोर्स के साथ ग्राम मड़ना में अवैध कच्ची शराब बनाने वाले की गिरफ्तारी हेतु आकस्मिक रूप से दबिश दिया।परन्तु उक्त कारोबार में संलिप्त व्यक्ति तो नही मिले,वही इस मौके पर नदी के किनारे 08 शराब की भट्ठी व करीब 20 कुन्तल मौके पर मिली लहन को नष्ट गया।जिसको



नियमानुसार नष्ट किया गया।इसमे दिनेश कुमार सिंह थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद अयोध्या के अलावा उ0नि0 राम अवतार राम चौकी प्रभारी पूरा बाजार थाना महराजगंज जनपद अयोध्या के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# देवा में खेलोत्सव–2021 का भव्य आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उसरू अमौना स्थित आवासीय देवा पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय 'खेलोत्सव–2021' का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। जिसमें प्री प्राइमरी, प्राइमरी व जूनियर वर्ग के सभी छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एनएसएस के छात्र–छात्राओं ने सलामी देकर, फ्लैग मार्च करके, कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का अभिनंदन किया। रंगारंग कार्यक्रमों में सर्वप्रथम स्वागत गीत ''मन की वीणा से गुंजित ध्वनि मंगलम'' गाकर छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथियों गिरीश पांडे जी''डिप्पुल'', विश्वेश नाथ मिश्र''सुडडू'' ,समाजसेवी महेश पांडे व विद्यालय प्रबंधक सहदेव उपाध्याय ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को दिशा प्रदान की। मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर 'खेलोत्सव –21' का भव्य उद्घाटन किया। ''वीणावादिनी ज्ञान की देवी अपनी दया बरसा देना'' गीत पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत कर छात्र–छात्राओं में मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। ''यह धरती यह अंबर तेरे बिन'' गीत पर नृत्य कर प्रथम पूज्यगणेश जी से कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रार्थना की। प्राइमरी व जूनियर वर्ग के छात्र–छात्राओं ने स्वागत नृत्य ''झूम झूम हर कली बार–बार कह रही'' पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। प्री प्राइमरी वर्ग में बनाना रेस, पार्टनर रेस, बैंड एक्सचेंज रेस, बलूनब्लास्ट रेस आदि का आयोजन किया गया। जिसमें क्रमशः सार्थक यादव, श्रेष्ठ यादव,मोहम्मद हमजा, अनुभव, समीक्षा आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी वर्ग में पासिंग द बाल, जलेबी रेस, बिस्किट विद वॉटर, कैप रेस, गेट रेडी रेस, फ्रॉग रेस, थ्री लेग रेस, साइकिल रेस, वन लेग रेस, हॉर्स राइडिंग रेस, आदि का आयोजन किया गया। जिसमें क्रमशः अनस, अनिकेत, शिवांश, विकास वर्मा तथा देवांश यादव, वैष्णवी यादव, शोएब खान, आदित्य तिवारी, दीपक, गौरव, स्वाति शुक्ला, दिनेश यादव, अंश पांडे व अनिकेत, प्रतिष्ठा तिवारी आदि ने प्रथम स्थान अपने नाम किया। जूनियर वर्ग में बैलेंस रेस, थ्रेड रेस, बलून रेस, रिले रेस, बैक रेस, साइकिल रेस, राइटिंग रेस, मार्बल इन स्पून रेस, शटल रेस, साइकिल रेस, माला मेकिंग रेस आदि में क्रमशः एकता गुप्ता, महेश यादव, नंदिनी तिवारी,जाह्नवी साहू, अंशुल तिवारी, रवि कुमार, आस्था पांडे व शैलजा पांडे, सनी यादव, आस्था, सोहेल, सौम्या, प्रिया गुप्ता, अंकित व आदर्श चौधरी, आंचल पांडे व रूबी यादव आदि ने प्रथम स्थान पर अपना परचम लहराया। इस प्रकार विभिन्न प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्ग के छात्र–छात्राओं ने विजय पताका लहराई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल संचालन कोआर्डिनेटर पूर्णिमा पांडे, सुमन दुबे तथा सुनीता श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया तथा शिक्षक घनश्याम यादव ने सफलतापूर्वक मंच संचालन किया। सभी खेल प्रतियोगिताएं खेल प्रशिक्षक मदन पांडे के नेतृत्व में शिक्षक सुनील जायसवाल, कमलेश श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, राधा यादव आदि के सहयोग से संचालित किए गए। इस अवसर पर सभी वर्गों के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने छात्रों को आशीष वचन देते हुए कहा कि जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। यह बच्चों में अनुशासन, शारीरिक क्षमता, सहयोग की भावना व सामाजिकता के विकास हेतु अति आवश्यक है। आज के रुचिकर कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन छात्र–छात्राओं के उत्साहवर्धक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने, शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान देने तथा मुख्य अतिथियों के भरपूर प्रोत्साहन हेतु विद्यालय प्रबंधक के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया गया।

# परिषद के संयोजक मंडल का गठन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या।अखिल भारतीय चाणक्य परिषद तारुन ब्लॉक की बैठक चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय नानसा बाजार तारुन में उमाशंकर चौबे की अध्यक्षता में व ब्लॉक महामंत्री अरविंद पाठक के संचालन में संपन्न हुई ।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष राम भरत पांडे जिला महामंत्री लखन धर त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के विस्तार और चलाए गए कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा हुई जिसमें सवर्ण समाज के उत्थान एवं उनके स्वास्थ्य शिक्षा एवं संस्कार तथा रोजगार पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। जिसमें ब्राह्मण समाज आ रहे लगातार संस्कार में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक श्री तिवारी जी ने सभी से इसमें अपना योगदान देने की अपील की और बैठक में सर्वसम्मति संयोजक मंडल का गठन किया गया जिसमें राम सुरेंद्र मिश्र को संयोजक नियुक्त किया गया। सहसंयोजक के रूप में अवधेश मिश्र संजय उपाध्याय राम तिलक मिश्र गिरजा प्रसाद पांडे को बनाया गया। तथा सदस्यगण में श्री राजेश मिश्र रामानुज मिश्र लल्लन पाठक सदानंद दुबे संतोष तिवारी अखिलेश पाठक को दायित्व सौंपा गया। बैठक के अंत मेंआचार्य पंडित सुधाकर मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया बैठक को प्रमुख रूप से विमल पांडे हनुमान प्रसाद शुक्ल ने संबोधित किया।

# रामनगरी अयोध्या में नही दिखा छः दिसम्बर का खौफ,आईजी व एसएसपी खुद कर रहे थे मानटरिंग

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने की 29 वीं बरषी 6 दिसम्बर को न तो खुशी का इजहार रहा और न ही गम का।रोजाना की तरह सब कुछ शांत,अयोध्या अपनी धुन में मस्त है। सरयू स्नानघाट भक्तों के उल्लास में डूबे है तो बाजारों में सब कुछ सामान्य। दुकानें खुली है लोग खारीदारी कर रहे है। कारसेवकपुरम शांति है।यही स्थिति बाबरी मस्जिद के मुद्दई रहे इकबाल अंसारी के घर के बाहर भी है। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।वही अयोध्या की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे।आईजी केपी सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय के साथ बड़ी संख्या में मजिस्ट्रेट पूरी सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे थे।इसके साथ ही रामजन्मभूमि की और जाने वाले मार्गो पर सख्ती के बाद भी सभी मंदिरों में दर्शन चल रहा था। अयोध्या में सब कुछ सामान्य सा दिख रहा।वही धार्मिक स्थलों पर एटीएस की नजर अयोध्या में 6 दिसम्बर की बरसी को ध्यान में रखते हुएअयोध्या के प्रवेश मार्गो पर पीएसी तैनात रहे। इसके




साथ ही वाहनों की चेकिंग के साथ आईडी भी चेक की जा रही थी।वही धार्मिक स्थलों पर एटीएस का मूमेंट रहा।राम जन्मभूमि परिसर में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। जल मार्ग पर भी सुरक्षा के कड़ें इंतजाम रहे। महिला सुरक्षा कर्मियों को सादे वस्त्रों में खुफिया निगाह के लिए तैनात किया गया था।वही एसएसपी शैलेश पांडेय पूरी सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे थे।

# कृषि विश्वविद्यालय में विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन हुआ संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग द्वारा रविवार को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर एक वर्चुअल सेमिनार का आयोजन हुआ। कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में बताया कि सामान्य जनमानस को मृदा स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए वर्ष 2014 से प्रति वर्ष विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने मृदा परिवरधन हेतु क्षारीय तथा लवणीय मृदा की उत्तम प्रबंधन तकनीकों की आवश्यकता पर भी बल दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ वेद प्रकाश, कृषि अधिष्ठाता ने मुख्य वक्ता का स्वागत करने के उपरांत विश्व मृदा दिवस मनाए जाने एवं मृदा संरक्षण की विविध तकनीकों से अवगत कराया।इस सेमिनार में समस्याग्रस्त अतिलवणीय और सोडिक मिट्टी की अधिकता वाले कृषि प्रक्षेत्र, जो वस्तुतः गंगा डेल्टा के तराई इलाकों में मौजूद हैं, के लिए मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों पर मुख्य वक्ता डॉ विनय कुमार मिश्र ने विस्तृत चर्चा की । डॉ मिश्र ने मृदा की लवणता तथा क्षारता के बनने और बढ़ने के इतिहास से लेकर उसके कारणों एवं निवारण की वैज्ञानिक तकनीकों तथा फसल उत्पादन संवर्धन के विभिन्न तरीकों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।डॉ मिश्र वर्तमान में भा० कृ० अ० प० के उमियाम, मेघालय स्थित उत्तर–पूर्वी पर्वतीय शोध संस्थान के निदेशक हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ आलोक कुमार पाण्डेय ने किया । कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ आर आर सिंह, प्राध्यापक, मृदा विज्ञान विभाग ने बताया कि हमारे भोजन का 95: हिस्सा मिट्टी से ही आता है। इसके अलावा डॉ सुरेश कुमार, डॉ राबिन कुमार, डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉ सुशील कुमार सिंह, डॉ समीर कुमार सिंह, डॉ शंभू प्रसाद एवं डॉ राज बहादुर ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया । इस कार्यक्रम में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें मुख्य रूप से कृषि शिक्षा से जुड़े प्राध्यापक एवं कृषि संकाय के छात्र थे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि डॉ मिश्र द्वारा वर्णित की गई समस्याग्रस्त मृदा के स्वास्थ्य प्रबंधन की विभिन्न भौतिक, रासायनिक एवं जैविक विधियां तथा उनके विस्तृत वैज्ञानिक विश्लेषण और किसानों के हित के लिए उनके सुगम प्रयोग के तरीको से सभी प्रतिभागी अत्यंत लाभान्वित हुए।

# रक्तदान कर कारसेवकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कारसेवकों की स्मृति में बाबरी विध्वंस की पूर्व संध्या पर संस्था शंख ध्वनि द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेडिकल कालेज दर्शन नगर के ट्रामा सेण्टर में सभाराज वर्मा के संयोजन में आयोजित शिविर में 151 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह थे। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। ब्लड डोनेशन से आप किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं, और साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे होते हैं। आमतौर पर लोग रक्त दान से इसलिए डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर में कमजोरी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है ब्लड डोनेट करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार होता है, वजन कंट्रोल में रहता है, कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है। यही वजह है कि लोगों को इसके बारे में जागरुक करना बेहद जरूरी है। इससे पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कोरोना काल में योगदान तथा वर्तमान में मेडिकल कालेज की सफाई व्यवस्था देख कर वहां कार्यरत सफाईकर्मीयों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। तथा सफाई के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक सभाराज वर्मा ने बताया कि रक्तदान के लिए 151 लोगों का लक्ष्य रखा था। जो पूर्ण हो गया। संस्था के द्वारा भविष्य में भी लोगों को जागरूक कर इस प्रकार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएमएस डा अरविन्द सिंह, डा वीके सिंह, अनिल यादव, रामकृष्ण, सुनील सिंह, कुवंर विक्की सिंह, सुरेन्द्र रावत, अरविन्द, दिनेश यादव, लक्ष्मण वर्मा बाबूराम यादव, हरिश्चंद्र वर्मा, अवधेश वर्मा, डा.माता प्रसाद वर्मा, राजितराम वर्मा, रोहित वर्मा, सूरज जायसवाल, सोनू, आकाश वर्मा, विजय वर्मा, अतुल वर्मा व मेडिकल कालेज के कर्मचारी मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।